भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 4205
उत्तर देने की तारीखः 22.03.2021

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा के अंतर्गत धनराशि का आवंटन

†4205. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः
श्री डी.के. सुरेशः

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ख) कर्नाटक में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले-वार कितने विश्वविद्यालय मंजूर/स्थापित किए गए हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों (2018-19 से 2020-21 तक) के दौरान राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत अनुमोदित केन्द्रीय सहायता के बारे में जिलेवार विवरण संलग्न है।

(ख) रूसा योजना के तहत इसके प्रारंभ से स्वायत्त कॉलेजों के उन्नयन और एक क्लस्टर में कॉलेजों के परिवर्तन द्वारा विश्वविद्यालयों के सृजन के घटकों के तहत बंगलौर अर्बन जिले में 3 विश्वविद्यालयों और मांडया में 1 विश्वविद्यालय के लिए केन्द्रीय सहायता अनुमोदित की गई है।

******

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा के अंतर्गत धनराशि का आवंटन के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री बी. वाई. राघवेन्द्र और श्री डी.के. सुरेश द्वारा पूछे गए दिनांक 22.03.2021 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4205 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

क्र.सं.	**जिला**	**पिछले तीन वर्षों में अनुमोदित केन्द्रीय हिस्सा (रू. करोड़ में)**
1.	बैंगलोर अर्बन	80.4
2.	बेलगावी (बेलगाम)	1.2
3.	बेल्लारी	3.00
4.	बीदर	1.2
5.	चिक्कमगलुर	2.4
6.	चिकबोलपुरा	1.2
7.	चित्रदुर्ग	2.4
8.	दक्षिणा कन्नड़	1.2
9.	दावणगेरे	1.2
10.	हसन	5.4
11.	हावेरी	2.4
12.	कोप्पल	1.2
13.	मंड्या	3
14.	मैसूर	37.8
15.	रायचुर	9.6
16.	शिमोगा	4.8
17.	एक इकाई के रूप में राज्य	3
18.	तुमकुर	1.2
19.	उत्तरा कन्नड़	4.2
20.	यादगीर	13.2
	कुल	**180.00**